# न्यायालय, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, बेरमो(तेनुघाट)।

छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1),(ख) के अंतर्गत
परमिशन वाद संख्या 154 वर्ष 2016

आवेदक– बढन महतो
ग्राम– कुन्दा,
थाना– महुआटांड, जिला–बोकारो

केता– चोरटी देवी
ग्राम– कुन्दा
थाना– महुआटांड, जिला–बोकारो

| आदेश की कम सं0 एवं तारीख | आदेश एवं पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख के साथ। |
|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 |

आदेश

22.08.17

यह वाद आवेदक बढन महतो, पिता स्व0 कमल महतो ग्राम– कुन्दा, थाना– महुआटांड, जिला–बोकारो द्वारा छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1),(ख) के अंतर्गत निम्नांकित जमीन, विवरण निम्नवत:–

| मौजा | थाना न0 | खाता न0 | प्लॉट न0 | कुल रकबा | बिकी रकबा | भूमि दर्जा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कुन्दा | 41 | 20 | 589 | 19 डी0 | 8 डी0 | आ0 योग्य |

को वे मकान मरम्मत हेतु मो0 50,000/–(पचास हजार )रूपये में केता– चोरटी देवी पति पारसनाथ महतो, ग्राम– कुन्दा थाना– महुआटांड, जिला–बोकारो के साथ बिकी करने की अनुमति हेतु समर्पित आवेदन के आधार पर आरम्भ किया गया तथा छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1),(ख) के तहत आवेदन पत्र को पंजीकृत करते हुए आम सूचना निर्गत किया गया तथा इस कार्यालय के पत्रांक 483/रा0 दिनांक 02.09.2016 के माध्यम से अंचल अधिकारी, गोमिया से जाँच प्रतिवेदन की माँग की गई।

निर्धारित अवधि तक किसी के द्वारा प्रस्तावित भूमि की अनुमति प्रस्ताव के विरूद्व कोई आपत्ति प्रस्तुत नहीं की गई। प्रस्तावित भूमि की बिकी की अनुमति के संबंध में अंचल अधिकारी, गोमिया के पत्रांक 1018 दिनांक 05.11.2016 से वांछित जाँच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ, जिसमें उनके द्वारा उल्लेख किया गया है कि:–

01. बिकेता एवं केता दोनों कुर्मी जाति के सदस्य हैं तथा पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत आते हैं। बिकेता एवं केता दोनों ग्राम– कुन्दा, थाना– महुआटांड, जिला–बोकारो का निवासी हैं।
02. बिकी की जाने वाली भूमि का खतियान तारो महतो के नाम से दर्ज है एवं उसकी जमाबन्दी पंजी–II दीनु महतो वो सोबरन महतो के नाम से चल रही है तथा वर्ष 2015–16 तक लगान रसीद निर्गत है। बिकेता को यह भूमि घरैया बॅटवारा द्वारा हासिल है।
03. खतियानी रैयत से बिकेता का संबंध परदादा का है। बिकी की जाने वाली भूमि विकेता का हक है एवं विकेता का दखल कब्जा है।
04. प्रस्तावित भूमि भू हदबन्दी, भूदान, सैरात, वन भूमि, सी0सी0एल0 अधिग्रहित क्षेत्र, से बाहर है। उनके द्वारा बिकेता को प्रस्तावित भूमि की बिकी करने की अनुमति हेतु अनुशंसा के साथ प्रतिवेदन को अग्रसारित किया गया है।

दोनों पक्ष न्यायालय में उपस्थित हुए। दोनों पक्षों का ब्यान दर्ज किया गया। बिकेता बढन महतो के द्वारा अपने ब्यान में बतलाया गया है कि आवेदनांकित जमीन तारो महतो के नाम खतियानी जमीन है तथा उक्त जमीन की जमाबन्दी पंजी–II में दीनु महतो वो सोबरन महतो के नाम से चल रही है। उक्त जमाबन्दी में वर्ष 2015–16 तक लगान रसीद निर्गत है। बिकी वाली जमीन तारो महतो के हिस्से की है।

जिसे वे आवश्यकता वश बेच रहे है।

केता का कहना है कि उन्होंने प्रस्तावित जमीन को देखा है। उक्त जमीन में कोई विवाद नहीं है, तथा वर्तमान में आवेदक के शान्ति पूर्ण दखल कब्जे में है।

उभय पक्ष अपने पक्ष में निम्नांकित कागजात/दस्तावेज प्रस्तुत करते हैं :-

01. विकेता- तारो महतो के नाम खतियान की छायाप्रति एवं दीनु महतो वो सोबरन महतो के नाम लगान रसीद की छायाप्रति तथा स्वयं के नाम आधार कार्ड की छायाप्रति।

02. केता- मनबोध महतो वगैरह के नाम खतियान की छायाप्रति एवं स्वयं के नाम आधार कार्ड की छायाप्रति।

दोनों पक्षों का ब्यान सुनने, उनके द्वारा समर्पित कागजातों एवं अंचल अधिकारी गोमिया से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन से यह स्पष्ट होता है कि उभय पक्ष कुर्मी जाति के हैं, जो पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत आते हैं तथा एक ही ग्राम, थाना एवं जिलान्तर्गत निवास करने वाले हैं। आवेदित भूमि बिकेता के तारो महतो के हिस्से की खतियानी जमीन है। जिसे आवश्यकता वश बेचना चाहते है।

अतः आवेदक- बढन महतो पिता स्व0 कमल महतो ग्राम कुन्दा थाना महुंआटांड जिला बोकारो को निम्नांकित भूमिः-

| मौजा | खाता न0 | प्लॉट न0 | कुल रकबा | बिकी रकबा | उ0 सीमा | द0 सीमा | पूरब सीमा | प0 सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कुन्दा | 20 | 589 | 19 डी0 | 8 डी0 | रामकेवाल महतो | मुस्तफा अंसारी | मोहर महतो | चमटु पाहन |

08 डी0 (आठ डिसमिल जमीन मात्र)।

मो0 95,000/-(पचान्बे हजार ) रुपये या जिला अवर निबंधक बोकारो द्वारा निर्धारित नवीनतम भूमि मूल्यांकित राशि में जो अधिक हो, की दर से केता चोरटी देवी पति पारसनाथ महतो ग्राम कुन्दा थाना महुंआटांड जिला -बोकारो के साथ बिकी करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

इसके साथ ही इस वाद की कार्यवाही समाप्त की जाती है। इस आदेश से उभय पक्ष को अवगत करावें।

लेखापित एवं संशोधित ।

22/09/17

भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता
बेरमो (तेनुघाट)

22/09/17

भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता
बेरमो (तेनुघाट

Digitally signed by MUKESH MACHHUWA
Date: 2025.01.15 07:10:18 -08:00
Location: 192.168.1.35